CBSE Class 6 Social Science Important Questions Civics Chapter 7 ग्रामीण क्षेत्र में आजीविका

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
कलपट्टु गाँव किस राज्य में स्थित है?
उत्तर:
तमिलनाडु में।

प्रश्न 2.
कलपट्टु गाँव की मुख्य फसलें क्या हैं?
उत्तर:
कलपट्टु गाँव की मुख्य फसलें हैं - धान, कपास, गन्ना, केला, आम, नारियल।

प्रश्न 3.
तुलसी रामलिंगम के खेतों पर कौन - कौन से काम करती है?
उत्तर:
तुलसी रामलिंगम के खेतों पर बुवाई, निराई और कटाई का काम करती है।

प्रश्न 4.
तुलसी को प्रतिदिन कितनी मजदूरी मिलती है?
उत्तर:
तुलसी को प्रतिदिन 40 रुपये मजदूरी मिलती है।

प्रश्न 5.
तुलसी ने अपनी गाय क्यों बेच दी?
उत्तर:
तुलसी ने अपनी बेटी के इलाज के लिए रामलिंगम से जो कर्ज लिया था, उसे चुकाने के लिए उसे अपनी गाय बेचनी पड़ी।

प्रश्न 6.
छोटे किसान किन कामों के लिए साहूकार से कर्ज लेते हैं?
उत्तर:
सामान्यतः छोटे किसान बीज, खाद, कीटनाशक, बीमारी में इलाज, बच्चों की शादी व फसल खराब होने पर साहूकार से कर्ज लेते हैं।

प्रश्न 7.
भारत में छोटे किसानों का प्रतिशत कितना है?
उत्तर:
लगभग 80 प्रतिशत।

प्रश्न 8.
पदपेट के गाँव के लोगों का मुख्य व्यवसाय क्या है?
उत्तर:
मछली पकड़ना।

प्रश्न 9.
अरुणा व्यापारी को सस्ते मूल्य पर मछली क्यों बेचती है?
उत्तर:
अरुणा ने व्यापारी से कर्ज लिया था। इसलिए मजबूरी में उसे उसी व्यापारी को सस्ते में मछलियाँ बेचनी पड़ती हैं।

प्रश्न 10.
कैटामरैन क्या है?
उत्तर:
मछुआरों की मछली पकड़ने की छोटी नाव को कैटारमैन कहते हैं।

प्रश्न 11.
भूमिहीन कृषि मजदूर से क्या आशय है?
उत्तर:
जिन लोगों के पास गाँव में कोई कृषि - भूमि नहीं होती और वे अपने जीवन - यापन के लिए दूसरों के खेतों में मजदूरी करते हैं, उन्हें भूमिहीन कृषि मजदूर कहा जाता है।

प्रश्न 12.
निजामी गांव के लोग कैसी खेती करते हैं?
उत्तर:
निजामी गाँव के लोग 'सोड़ीनुमा खेती करते हैं।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
ग्रामीणों की अनार्जित गतिविधियों पर चर्चा कीजिए।
उत्तर:
गाँवों के लोग, जंगल से जलावन की लकड़ी एकत्रित करने, काफी दूर से पीने का पानी लाने तथा पशुओं को चराने में काफी समय व्यतीत करते हैं। ये गतिविधियाँ उनके धन को बचाती हैं तथा उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति करती हैं।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 2.
कलपटु के लोगों के जीवनयापन के मुख्य स्रोतों का उल्लेख कीजिए।
उत्तर:
कलपटु के अधिकांश परिवार अपना जीवनयापन कृषि - कार्यों से करते हैं। यह एक समुद्रतटीय क्षेत्र है, इसलिए यहाँ के लोग मछली पकड़ने के कार्य में भी व्यस्त रहते हैं। कुछ लोग गाय पालते हैं और दुग्ध - समिति को दूध बेचते हैं।

प्रश्न 3.
भारतीय कृषि के पिछड़ेपन के क्या कारण हैं?
उत्तर:
भारतीय कृषि के पिछड़ेपन के कारण:

1. छोटे - छोटे और विखरे हुए खेतों का होना।
2. किसानों का गरीब होना तथा ऋण से ग्रस्त होना।
3. मानसून पर कृषि की अत्यधिक निर्भरता।
4. बाढ़ और सूखे की स्थितियाँ।
5. कृषि के वैज्ञानिक तरीकों का उपयोग न होना।

प्रश्न 4.
बड़े किसान किसे कहा जाता है? उनके कार्यों का उल्लेख कीजिए।
उत्तर:

1. बड़े किसान वे होते हैं, जिनकी गाँव में काफी कृषि भूमि होती है। उनके खेतों में होने वाली पैदावार उनके परिवार की आवश्यकताओं से काफी अधिक होती है तथा वे अपनी पैदावार का काफी बड़ा भाग सीधे बाजार में बेचो ।
2. वे अपने खेतों पर स्वयं कृषि कार्य नहीं करते हैं, चरिका कृषि का फाग गांव के भूमिहीन मनपुर फरो हैं और वे उनके कार्यों पर निगरानी रखते हैं।

प्रश्न 5.
सीडीनुमा खेती से क्या आशय है?
उत्तर:
सीढ़ीनुमा खेती का मतलब है कि पहाड़ी की इलाक जमीन को छोटे - छोटे सपाट टुकड़ों में बाँटा जाता है और उस जमीन को सीवियों के रूप में बदल दिया जाता है। प्रत्येक सपाट टुकड़े के किनारों को ऊपर उठा देते हैं जिससे पानी परा रह जाए। यह चावल की खेती के लिए सबसे अच्छा है।

प्रश्न 6.
निजामी गाँव के बखेसंग समुदाय के लोग विस प्रकार खेती करते हैं?
उत्तर:
नागालैंड के निजामी गाँव के चखेसंग समुदाय के लोग सीढ़ीनुमा खेती करते हैं। यहाँ के लोगों के पास अपने - अपने खेत हैं, लेकिन वे इकटे होकर एक - दूसरे के खेत में भी काम करते हैं। वे छः से आठ लोगों का एक समूह बनाते है और इकटे मिलकर पहाड़ के एक हिस्से पर घास - पतवार साफ करते हैं। जब दिन का काम खत्म हो जात है सारा समूह इकट्ठे बैठकर खाना खाते हैं। ऐसा कई दिनों तक चलता रहता है जब तक कि काम खत्म नहीं हो जात।

प्रश्न 7.
मछुआरे लोग मानसून के मौसम में अपना जीवायापन कैसे करते?
उत्तर:
मछुआरे लोग हर साल मॉनसून के दौरान करीब चार महीने तक समुद्र में नहीं जा पाते क्योंकि यह मछलियों के प्रजनन का समय होता है। इन महीनों में वे व्यापापरी से उधार लेकर अपना गुजारा चलाते हैं। इस कारण बाद में उन्हें मजबूरी में उसी व्यापारी को मछली बेचनी पड़ती है और वे खुद खुली नीलामी नहीं कर पाते। इसलिए उन्के लिए मानसून के खाली महीने काटना बहुत मुश्किल हता हैं।

https://www.evidyarthi.in/